हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 3 अप्रैल 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज




## हाथी के हमले में तीन दिन के भीतर तीन ग्रामीणों की मौत से ग्रामीण भयभीत

# दंतैल ने शंकरगढ़ जंगल में महुआ बीन रही महिला को कुचलकर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- झारखंड से पहुंचा है हाथी

सरगुजा में मानव-हाथी द्वंद रूकने का नाम नहीं ले रहा है। अभी हाथी के हमले में दो लोगों की मौत की घटना से ग्रामीण उबरे भी नहीं थे कि अकेले घूम रहे दंतैल ने जंगल में महुआ बीन रही पहाड़ी कोरवा समुदाय की महिला की कुचलकर जान ले ली। तीन दिन के भीतर हाथी के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत होने से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि तीन दिन पूर्व दल से अलग होकर एक दंतैल सीमावर्ती जंगल में पहुंचा था तथा शंकरगढ़ जंगल के रास्ते जशपुर चला गया था। मंगलवार को दंतैल वापस कुसमी पहुंचा तथा शंकरगढ़ के रास्ते डीपाडीह जंगल में आ धमका। दंतैल के जंगल से निकलकर ग्राम कमारी की ओर बढ़ने की सूचना पर वन अमला दंतैल का पीछा कर रहा था। दंतैल के आगे वन अमला प्रभावित क्षेत्रों के गांवों में हाथी से सतर्कता बरतने की मुनादी कराते आगे बढ़ रहा था। इस दौरान देर रात होने पर दंतैल वन परिक्षेत्र शंकरगढ़ अंतर्गत जिगड़ी जंगल स्थित एक तालाब में घुस गया। वनकर्मी गांव में मौजूद रहकर आसपास के ग्रामीणों को फोन से सूचना देकर ग्रामीणों को स्थिति से अवगत कराने जागरूक कर रहे है। वनकर्मियों ने ग्राम पंचायत जिगड़ी अंतर्गत ग्राम जोतार निवासी पहाड़ी कोरवा समुदाय के पूर्व पंच पेटू कोरवा को भी फोन कर जंगल में हाथी के मौजूद होने की सूचना दी थी। इधर ग्राम जोतार निवासी पूर्व पंच पेटू कोरवा की मां गिद्धी कोरवा (54वर्ष) पिता सुखुलाल कोरवा अन्य ग्रामीणों के साथ तड़के महुआ बीनने बीच जंगल में पहुंच गए। सुबह 6 बजे ⏭ शेष पेज 2 पर


घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़।

### दी गई सहायता राशि

परिक्षेत्राधिकारी द्वारा मृतिका के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की है। वन अमला नियमित दंतैल की निगरानी कर रहा है। मृतिका के पुत्र सहित अन्य को जंगल में हाथी के मौजूद होने की सूचना दी गई थी लेकिन ग्रामीण सूचना को अनसूना कर बीच जंगल में गए थे।

-रविशंकर श्रीवास्तव
उपवन मण्डलाधिकारी

### तीन दिन के भीतर तीसरी मौत

तीन दिन के भीतर अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों के हमले में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इसके पूर्व सोमवार की शाम वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत ग्राम फुलवार में गेहूं की फसल काट रहे दम्पती को पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस दौरान दंतैल ने उस्मीना अंसारी को पटकने के बाद उसका बायां हाथ खींचकर शरीर से अलग कर दिया था वहीं पति उस्मान अंसारी को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल उस्मीना की मौत हो गई थी। दंपती को गंभीर रूप से घायल करने के बाद दंतैल मंगलवार को तड़के ग्राम रामपुर पहुंच गया था। कार्यालय के प्यून दुर्गा प्रसाद (48वर्ष) करे पटक कर जान ले ली थी। तीसरे दिन बुधवार को सुबह एक अन्य दंतैल ने जोतार जंगल में महुआ बीन रही पहाड़ी कोरवा समुदाय की महिला गिद्धी की पटककर जान ले ली। बताया जा रहा है कि पहाड़ी कोरवा समुदाय के कुछ ग्रामीण बस्ती से 4 किमी दूर जोतार जंगल में झाला बनाकर महुआ सुखा रहे थे। वनकर्मियों ने मंगलवार को ही हाथी के पहुंचने की सूचना पर ग्रामीणों को भगाया था।

### सरगुजा में 74 हाथी

वर्तमान में सरगुजा संभाग में मात्र 74 हाथी भ्रमण कर रहे हैं जिनमें 10 हाथी गुरूघासी दास नेशनल पार्क में जबकि 38 हाथी एलिफेंट रिजर्व तमोर पिंगला में लम्बे समय से भ्रमण कर रहे हैं। वनमंडल सूरजपुर अंतर्गत प्रतापपुर रेंज में 5 हाथी जबकि बलरामपुर वन मण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र रामानुजगंज में 2 एवं वाड्रफनगर व शंकरगढ़ में 1-1 हाथी मौजूद हैं। वनमंडल सरगुजा अंतर्गत मैनपाट में 11 एवं सीतापुर में 2 हाथी मौजूद हैं। बलरामपुर वन मंडल में मात्र 4 हाथी मौजूद होने के बावजूद विभाग हाथियों की निगरानी करने में फिसड्डी साबित रहा है। हाथी के हमले में 3 ग्रामीणों की मौत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। बताया जा रहा है दंतैल के व्यवहार को देखते हुए उपवन मंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव ने कुसमी, शंकरगढ़ एवं राजपुर के वन परिक्षेत्र अधिकारी को सूचना देकर दंतैल के हमला करने की संभावना पर सावधानी बरतने के निर्देश दिए थे लेकिन वन परिक्षेत्र अधिकारी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।






## खबर संक्षेप

### नाला की सफाई व मरम्मत कराने भाजपा पार्षद ने नपं सीएमओ को दिया ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर अंतर्गत गौरीशंकर मंदिर समीप पुलिया से लेकर लोहा पुलिया डिपार्टमेन्टल कालोनी तक नाला की सफाई कराने की मांग को लेकर भाजपा पार्षद ने नपं सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है नपं बिश्रामपुर के वार्ड नंबर 11 के पार्षद रविशंकर बउवा ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि गौरीशंकर मंदिर समीप पुलिया से लेकर लोहा पुलिया डिपार्टमेन्टल कॉलोनी तक नगर पंचायत द्वारा निर्मित नाला की पिछले कई वर्षों से साफ-सफाई नहीं की गई है।इस कारण से उक्त जगह पर दिन प्रतिदिन गंदगी का ढेर जमा हो रहा है। साथ ही नगर पंचायत द्वारा निर्मित नाले में पानी की निकासी सही ढंग से न होने के कारण कई मीटर तक नाला भी क्षतिग्रस्त हो गया है।इसके अलावा नालों में बरसात के पानी का निकासी सही ढंग से नहीं होने के कारण पानी सामुदायिक भवन परिसर में बने शौचालयों में भर जा रहा है, जिस वजह से शौचालयों की स्थिति भी जर्जर होती जा रही है।भाजपा पार्षद द्वारा नपं सीएमओ से जन समस्याओं को देखते हुए साफ-सफाई कार्यों को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है।

### आईपीएस को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**रामानुजगंज।** 12वीं बटालियन के सेनानी एवं आईपीएस डीएस मरावी के सेवानिवृत्ति के पश्चात विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बटालियन के अधिकारी एवं कर्मचारियों व जवानों की नम आंखें से विदाई दी। साथ ही उनके व्यवहार कुशलता एवं कार्यों की सराहना की। 1 नवंबर 1997 तात्कालिक मध्य प्रदेश सरकार में डीएस मरावी द्वारा उपपुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया। इस दौरान मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दी। बटालियन परिसर में आयोजित विदाई समारोह के दौरान हर एक अधिकारी एवं कर्मचारी व बटालियन के जवान की आंखें नम थी सभी ने कहा कि ऐसे अधिकारी बहुत ही कम देखने को मिलते है। जो सभी की भलाई के लिए सोचते हो। श्री मरावी कठोर अनुशासन प्रिय थे एवं कार्य के प्रति बहुत ही संवेदनशील थे परंतु कभी भी किसी भी अपने अधीनस्थ कर्मचारी का अपने कलम से नुकसान नहीं पहुंचाया हमेशा गलती करने पर समझाइश एवं गलती सुधारने का मौका दिए। 12वीं बटालियन में उनके कार्यकाल के दौरान भव्य शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है, हठ निर्माण, शहीद पार्क सहित कई कार्य बटालियन के विकास में उनके द्वारा किए गए।

### बीच सड़क पर मवेशियों का कब्जा लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार



**बलरामपुर।** सड़क पर आवारा मवेशियों के कारण लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। मवेशी मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को सड़क पर ही छोड़ दिया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि कोर्ट के निर्देश के बाद भी मवेशी मालिकों द्वारा नियम का उल्लंघन किया जा रहा है और अधिकारियों द्वारा भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बता दें कि नगर में जगह जगह आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। मवेशी मालिकों द्वारा मवेशियों को घूमने के लिए छोड़ देते है जिससे एनएच सहित अन्य सड़कों पर जगह जगह मवेशियों का कब्ज़ा है और रात के समय अंधेरे में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। मंगलवार की शाम भी सड़क पर मवेशियों के कारण एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि इसके पहले भी इस तरह के दर्जनों मामले हो चुके है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना में मवेशियों की मौत भी हो चुकी है। हैरानी की बात तो यह है कि हाईकोर्ट के सख्त निर्देश के बाद भी नगर पालिका द्वारा आवारा मवेशियों हटाने के लिए ना ही कोई पहल की गई और ना ही मवेशी मालिकों पर किसी प्रकार की कार्रवाई की जा रही है।

### गांव में नहीं मूलभूत सुविधाएं, सड़क, बिजली, पेयजल समस्या से जूझ रहे लोग

# विकास से कोसों दूर विकासखंड उदयपुर के ग्राम भकुरमा बांसढ़ोढी के ग्रामीण



गांव की जर्जर सड़क।

#### कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

ग्राम पंचायत भकुरमा के बांसढ़ोढी के पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों ने आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने ग्राम बांसढ़ोढी में सड़क, पेयजल, बिजली की समस्या के अलावा गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया गांव से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मुख्यालय भकुरमा में आंगनबाड़ी केन्द्र है जिससे आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भकुरमा के जुजझंडपारा में सोलर लाइट के खराब होने जाने पर मरम्मत कराने की मांग है।



#### आपातकालीन व्यवस्था से वंचित ग्रामीण

छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग में आपातकालीन सेवा संजीवनी 108, महतारी एम्बुलेंस, मोबाइल मेडिकल जैसे अनेक सुविधाओं से क्षेत्र के ग्रामीण कोसो दूर है। ऐसे में गांव में कोई बीमार पड़ गया तो मरीज के साथ परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गांव तक वाहन की सुविधा नहीं होने पर ग्रामीण बीमार मरीज को मुख्य मार्ग तक ले जाने के लिए खाट का सहारा लेते है तब जाकर मरीज को दलधोवा मार्ग में एंबुलेंस नसीब होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांव के विकास में बिजली व सड़क की भूमिका अहम है। गांव में बिजली व सड़क न हो तो विकास तो दूर गांव के लोगों को मूलभूत सुविधा के लिए जूझना पड़ता है। जिले में भी शासन प्रशासन द्वारा कई योजना संचालित कर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में जुटी है जिससे कुछ ग्राम पंचायत के लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है परंतु कई ग्राम पंचायत के ऐसे गांव हैं जहां आजादी के बाद से आज तक ग्रामीणों को बिजली, सड़क व पेयजल की सुविधा नसीब नहीं हो सकी। कुछ इस तरह की स्थिति उदयपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत भकुरमा के बांस ढोढ़ी की है। जहां आज भी गांव के लोग विकास की बाट जो रहे है। हैरानी की बात यह है कि पहाड़ी क्षेत्र के इस गांव के ग्रामीण न सिर्फ ढिबरी युग में जीवन यापन कर रहे है बल्कि आवागमन के लिए कच्ची सड़क पर निर्भर है।

**खास बात**

- कलेक्टर के आश्वासन के बाद भी नहीं उपलब्ध हो सकी सुविधाएं

विकास खड़ उदयपुर के ग्राम पंचायत भकुरमा अंतर्गत बांसढोढ़ी जहां अधिकांश पहाड़ी कोरवा निवास करते है जो आज भी शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित है। गांव में विशेष कर व्यवस्थित सड़क मार्ग नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वर्षो से कच्ची सड़क पर आवागमन करने को विवश ग्रामीण लंबे समय से मुख्य मार्ग से गांव तक सीसी या डामरीकृत सड़क की मांग कर रहे है। बावजूद इसके आज तक मांग पूरी नहीं हो सकी। आलम यह है कि बारिश के बाद कच्ची सड़क काफी दयनीय हो चुकी है। ऐसे में शासन की विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ से ग्रामीण वंचित है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ माह पूर्व कलेक्टर का दौरा भी हुआ था कलेक्टर द्वारा आश्वासन भी दिया गया था लेकिन आवश्यक कार्य अब तक शुरू नहीं हो सके। इन कार्यों में भकुरमा से पहाड़ी कोरवा बस्ती बांसढोढ़ी तक सड़क निर्माण, पेयजल हेतु 2 नग कुआं निर्माण और 16 परिवारों को सोलर होम लाईट प्रदान करना शामिल था। ग्रामीणों ने आश्वासन के बावजूद कार्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। निर्देश के बाद भी कार्य शुरू नहीं होने से उसका खामियाजा पहाड़ी कोरवा परिवारों को भुगतना पड़ रहा है।

## शराब बिक्री कर रहे तीन लोग चढ़े आबकारी उड़नदस्ता टीम के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




जब्त शराब के साथ आरोपी।

जिले के अलग-अलग स्थानों पर सरगुजा संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने दबिश देकर एक साथ शराब बिक्री कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के पास से शराब सहित महुआ लहान जब्त किया है।

जिले के विभिन्न क्षेत्र में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में टीम द्वारा गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर एवं सोहगा से तीन आरोपियों को महुआ शराब बेचने के जुर्म में गिरफ्तार किया।। ट्रांसपोर्ट नगर निवासी लाली के कब्जे से 11.5 लीटर महुआ शराब एवं 120 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर की ही नम्रता के पास से 6 लीटर महुआ शराब तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। ट्रांसपोर्ट नगर की कार्रवाई के पश्चात उड़नदस्ता की टीम ने सोहगा निवासी चक्रधारी निकुंज के के पास से 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया। टीम ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) च 34(2) एवं 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता एवं आबकारी उप निरीक्षक टी आर केहरी द्वारा की गई।। इस दौरान मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं संगीता उपस्थित रहे।

### नपं प्रेमनगर अध्यक्ष ने प्रस्तुत किया वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट

**अम्बिकापुर।** नगर पंचायत प्रेमनगर में 28 मार्च को अध्यक्ष श्रीमती सुखमनिया जगत द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से स्टेडियम जीर्णोद्धार, बाजार हाट निर्माण, नया बस स्टैण्ड निर्माण, उद्यान निर्माण, मुक्ति धाम, घाट निर्माण, नगर में स्वागत द्वार निर्माण के साथ-साथ नालियों एवं सड़कों का निर्माण हेतु बजट पेश किया गया। नागरिकों के किसी प्रकार का टैक्स बढ़ाए बगैर नगर में सुविधा उपलब्ध कराना नगर सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। सामान्य सभा द्वारा बजट को सर्वसम्मति से पास किया गया।

## गोदाम निर्माण में गड़बड़ी पर पीएमओ से मिले जांच के आदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग द्वारा कराए गए तेंदू पत्ता गोदाम निर्माण में 20 करोड़ रूपए से अधिक के गड़बड़ी की शिकायत पर पीएमओ कार्यालय से जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

- पीएमओ और संभागायुक्त ने दिए जांच के आदेश, थाने में दर्ज कराई गई शिकायत

अधिवक्ता व आ र टी आ ई कार्यकर्ता डॉ. डीके सोनी ने प्रधान मंत्री कार्यालय और संभागायुक्त से शिकायत की थी। शिकायत के बाद पीएमओ और संभागायुक्त कार्यालय से जांच के आदेश जारी कर दिए गए है। इसके साथ ही अधिवक्ता डॉ. सोनी ने कोतवाली थाने में भी संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज करने के लिए 25 सौ पन्ने के दस्तावेजों के साथ शिकायत की है। इस दौरान आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. सोनी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2021 में सरगुजा जिले में 8 तेंदूपत्ता गोदाम निर्माण हेतु करोड़ो रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त राशि से फॉरेस्ट कैंपस काष्ठागर एवं ग्राम सांडबार के पास स्थित भूमि में गोदाम बनाया जाना था। गोदाम का साइज 22 मीटर बाई 25 मीटर व भंडारण क्षमता 1,53,600 बोरा निर्धारित किया गया और इसमें अन्य नियम शर्तों का उल्लेख करने के साथ ही प्रत्येक गोदाम निर्माण की राशि 1 करोड़ 46 लाख 65 हजार 821 रूपए निर्धारित की गई थी। इसमें 20 करोड़ की राशि की गड़बड़ी की शिकायत पीएमओ में की गई थी। शिकायत के बाद पीएमओ और संभागायुक्त कार्यालय से जांच के आदेश जारी कर दिए गए है।

## 10वीं की परीक्षा में साले को भेजा, दोनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर थाना क्षेत्र में ठगी का अनोखा मामला सामने आया है, जहां 10वीं की ओपन परीक्षा में एक युवक खुद न जाकर फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' की तर्ज पर अपने साले को भेज दिया, लेकिन उसकी चालाकी काम नहीं आई और स्कूल प्रशासन की सतर्कता से परीक्षा कक्ष में ही फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हो गया। पुसौर पुलिस ने आरोपी जीजा-साले को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

दरअसल मामला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलमला का है। जहां 1 अप्रैल की सुबह 9 बजे से 12 बजे तक कक्षा 10वीं की विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित थी। परीक्षा कक्ष क्रमांक 1 में पर्यवेक्षक जब उपस्थिति पत्रक की



जांच कर रहे थे, तभी उन्हें एक परीक्षार्थी पर शक हुआ। जब प्रवेश पत्र में लगी फोटो और परीक्षा दे रहे युवक के चेहरे का मिलान किया गया, तो स्पष्ट हो गया कि दोनों की अलग-अलग लोग हैं। इसके बाद परीक्षा केंद्र के प्राचार्य कामता नाथ तिवारी ने तत्काल थाना पुसौर को मामले की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने खुद को अमन सारथी पिता पंचराम सारथी (18) निवासी सराईपाली, थाना कोतरारोड बताया। जब जांच आगे बढ़ी, तो पता चला कि अमन असल परीक्षार्थी नहीं है, बल्कि वह अपने जीजा यादराम सारथी (27) की जगह परीक्षा देने आया था।

## सामाजिक समरसता का भाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक जगाने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्ष प्रतिपदा उत्सव एवं शारीरिक प्रकटोत्सव कार्यक्रम रविवार को सायं 6 बजे गांधी स्टेडियम में मुख्य वक्ता नारायण नामदेव की उपस्थिति में मनाया गया। उत्सव ध्वजारोहण कर प्रारम्भ किया गया। स्वयंसेवकों ने दंड, नियुद्ध, समता एवं घोष का प्रयोग किया तथा गणवेशी स्वयंसेवकों ने व्यायाम, योग-आसन एवं गीत गाये।

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव ने कहा कि भारत वैभव शाली देश है जहां वीर शिवाजी, महाराजा प्रताप, गुरूघासी दास जैसे अनेक वीरों एवं संतों ने जन्म लिया। पूरे देश में करीब 2600 से ज्यादा आयोजन वर्षभर में होते है। आज आध्य सर संचालक डॉ.केशव बलीराम पंत हेडगेवार का जन्मदिन है। उनके द्वारा शुरू किए गए पुनीत कार्य के 100 वर्ष इसी वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। बंगलुरू में संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार, धार्मिक असहिष्णुता मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा कर वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। आज जागरूकता का वातावरण समाज में दिख रहा है लेकिन हमें सामाजिक समरसता का भाव समाज के अंतिम व्यक्ति एवं ग्राम तक जगाने की आवश्यकता है। हमारे समाज का मुख्य आधार हमारी कुटुंब व्यवस्था है। कुटुंब प्रबोधन के कार्यक्रम नियमित चलते रहना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण मात्र एक नारा नहीं होना चाहिए इस हेतु शहर से लेकर गांव तक पर्याप्त कार्य करने की आवश्यकता है।



### रजखेता के तीन बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में

**वाड्रफनगर।** नेशनल पब्लिक स्कूल के तीन बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। स्कूल के अर्थव गुप्ता पिता धनंजय कुमार गुप्ता, कु.नित्या पटवा, पिता राजेश पटवा, प्राची पटेल पिता अमय पटेल का चयन नवोदय विद्यालय स्कूल के 6वीं कक्षा के लिए हुआ है।



## घाट बंधान के साथ ही चैत्र छठ के कठिन व्रत की शुरुआत

**राजपुर।** बुधवार को चैत्र छठ पर्व की शुरुआत की गई। इस दौरान व्रती महिलाओं ने घाट बंधान के साथ ही कठिन व्रत की शुरुआत की। बड़ी बात यह है कि बार चैत्र छठ पर्व का आयोजन नगर के महामाया सरोवर परिसर में किया जा रहा है। श्रधालुओं की बढती संख्या को लेकर यह निर्णय लिया गया है। बता दें कि 1 अप्रैल से चैत्र छठ की शुरुआत हो चुकी है। नहाय खाय के साथ मंगलवार को व्रतियों ने पर्व की शुरुआत की। इसके साथ ही बुधवार को घाट बंधान और खीर भोजन के साथ कठिन व्रत की शुरुआत हुई। इस बार नगर के मां महामाया गंगा दशहरा सरोवर में चैत्र छठ मनाया जाएगा। इसके पूर्व व्रती घरों में ही यह पर्व मनाते थे लेकिन श्रधालुओं की बढती संख्या को देखते हुए महामाया मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश पांडेय( मंटू) की पहल पर महामाया सरोवर में व्रतियों के द्वारा छठ पर्व का अर्ध देने के साथ ही घाट बंधन किया गया। पुजारी ओम प्रकाश ने बताया कि इस वर्ष चैती छठ पर्व की शुरुआत महामाया सरोवर की गई आने वाले समय की व्रतियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान विकास कुमार सिंह, विनय यादव, भानु प्रजापति, पार्षद विश्वास कुमार गुप्ता व अन्य भक्त गण उपस्थित थे।





गृह प्रवेश में शामिल विधायक।

## सहयोग से गरीब परिवार को मिला उनके सपनों का घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

विधायक रामकुमार टोप्पो एवं सहयोग फाउंडेशन के प्रयास से एक बिना छत के जर्जर घर में रहने वाले गरीब परिवार आज उनके सपनो का घर मिला। एक साल के भीतर ही पक्का मकान बनाया गया। आज गृह प्रवेश कार्यक्रम में सीतापुर विधायक सहित अन्य शामिल होकर पूजा अर्चना की।

- गृह प्रवेश में शामिल हुए सीतापुर विधायक, की पूजा

मैनपाट के पहाड़ी क्षेत्र जहां ठंड के मौसम में अधिक ठंड पड़ने तथा बरसात में अच्छी बारिश होने के बावजूद राजेश माझी, गौरी माझी बिना छत के एक जर्जर घर में 14 साल से निवासरत है। एक साल पूर्व विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के विधायक उम्मीदवार के दौरान रामकुमार टोप्पो वहां चुनाव प्रचार करने पहुंचे तो परिवार की हालत को देख कहा था कि चुनाव का परिणाम जो भी हम जीते या हारे,पर आप के लिए एक मकान किसी भी तरह बनवा कर देंगे। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने तत्काल सीतापुर क्षेत्र के समाज सेवी संस्था को और भाजपा के सदस्यों को मकान की जिम्मेदारी सौंपी। एक साल के भीतर ही गरीब परिवार को एक सुंदर मकान मिला। आज गृह प्रवेश कार्यक्रम में विधायक राम कुमार टोप्पो के अलावा भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता समेत फाउंडेशन के सदस्य मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि गरीब परिवार को भाजपा एवं सहयोग फाउंडेशन के सुनील अग्रवाल सहित लोगों के सहयोग से उनके सपनों का घर मिला है। उन्होंने कहा की यही परिवार नहीं इस तरह के जितने भी परिवार हैं सभी के लिए काम करने की आवश्यकता है और आने वाले समय में सभी को मकान उपलब्ध कराना है।

### भजन कीर्तन के साथ किया जा रहा भंडारा

# चैत्र नवरात्र पर भक्तिमय हुआ नगर का माहौल, देवी मंदिरों में उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

चैत्र नवरात्र पर नगर का माहौल भक्तिमय हो गया है। नगर के मां महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों और शक्ति पीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रहे है। बता दें कि चैत्र नवरात्र के मौके पर समाज के लोगों द्वारा व्रत रखने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। नवरात्र के मौके पर नगर के मां महामाया मंदिर में महिलाओं और स्थानीय कीर्तन मंडली द्वारा प्रतिदिन भजन कीर्तन किया जा रहा है।

महामाया देवी परिसर में 141 घृत ज्योति और 75 तेल मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन आरती पश्चात प्रसाद का वितरण किया जा है। इस वर्ष एकम से ही मंदिर प्रांगण में राजपुर के व्यवसायी विनोद अग्रवाल मग्धु द्वारा दिनभर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को चैत्र नवमी पर मां महामाया परिसर में पूर्णाहुति पश्चात कन्या भोजन के बाद अखंड भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर के पुजारी प्रेम पाण्डेय और राघवेंद्र पांडेय द्वारा विधि विधान से मां महामाया की पूजा-अर्चना की जा रही है। राजपुर में मां महामाया मंदिर सहित बुढा बगीचा काली मंदिर, मां चंद्रघंटा मंदिर बरियों, मां दुर्गा मंदिर भदार, समलाई मंदिर नवकी और आसपास के सभी शक्तिपीठों पर भी पूजा- अर्चना की जा रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल के नेतृत्व में मंदिर समिति सदस्य व्यवस्था में लगे हुए हैं।



#### रविवार को निकलेगी राम जानकी शोभायात्रा

इस वर्ष राम जानकी शोभायात्रा रविवार 6 अप्रैल को निकाली जाएगी। शोभा यात्रा को लेकर मंदिर प्रांगण में मंगलवार को श्रीराम सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान रामजानकी शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए नगर के व्यवसायी नरेश अग्रवाल(लीलू) को अध्यक्ष बनाया गया है। शोभायात्रा के दौरान नगर में झंडे व शोभायात्रा के लिए राहुल गुप्ता, शुभम सोनी, पंकज गुप्ता एवं रजत केशरी को प्रभारी बनाया गया है। रामजानकी की शोभायात्रा मां महामाया मंदिर प्रांगण से निकलकर पूरे नगर भ्रमण पश्चात मां महामाया मंदिर में समाप्त होगी। बैठक के दौरान शिवनाथ जायसवाल, विनोद अग्रवाल, मुन्नालाल चौधरी, राजकुमार सोनी, मनोज गुप्ता, राजन त्रिपाठी, ओमप्रकाश सोनी, बबलु यादव, विभू जायसवाल, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

2 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 4/2/2025 9:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सेमरसोत जंगल में पलटा बॉक्साइट और मछली चारा लोड ट्रक

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेमरसोत जंगल में तेज रफ्तार रफ़्तार के कारण वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बॉक्साइट लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जबकि मंगलवार को भी मछली चारा लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे पलट गया। गनीमत रही कि इन हादसों में कोई हताहत नहीं हुआ। दुर्घटना में घायल हुए चालक परिचालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि गढवा मेराल निवासी कंचन तिवारी ट्रक क्रमांक सीजी 30 ए 0115 में बॉक्साइट लोड कर गढवा जा रहा था। इस दौरान जैसे ही चालक ट्रक लेकर सेमरसोत जंगल में पहुंचा तो सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के चक्कर में चालक ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। इस घटना में चालक कंचन तिवारी और परिचालक को सामान्य चोट आई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटाकर आवागमन बहाल किया गया। इसके साथ ही मंगलवार को मछली का चारा लेकर जा रहा ट्रक भी सेमरसोत पुलिया के नीचे पलट गया। इस घटना में चालक को गंभीर चोट आई है। इस घटना का प्रमुख कारण एनएच की खराब सड़क है। सडक पर बने गड्ढों के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो रहे है।

## सरगुजा जिले में सामने आया मामला, अब रोकी गई राशि

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शादीशुदा जोड़ों की करा दी गई शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 362 जोड़ों का हुआ था विवाह

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में बड़े शादी शुदा और बाल बच्चेदार लोगों की शादी कराए जाने का मामला सरगुजा में सामने आया है। तीन महीने पहले हुए सामूहिक विवाह में शादी शुदा लोगों का विवाह करा दिया गया। सरगुजा में फिलहाल ऐसे तीन मामले सामने आए है। बड़ी बात यह है कि तीनों शादी शुदा ग्रामीण एक ही गांव के रहने वाले है। इस गड़बड़ी के सामने आने के बाद विभाग द्वारा कन्या विवाह योजना के तहत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को रोक दिया गया है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या जिले में सिर्फ यही तीन मामले फर्जी है। लोगों का कहना है कि यदि गंभीरता से मामले की जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आ सकती है।

बता दें कि ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु मुख्यमंत्री कन्या विवाह की योजना चलाई जाती है। इस योजना के तहत सामूहिक विवाह में शादी करने वाले जोड़ो को प्रोताशन राशि के साथ ही गृहस्ती से जुड़े सामान, कपड़े प्रदान किए जाते है लेकिन हितग्राहियों के लिए बनाई गई योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। इस बात का खुलासा सरगुजा जिले में तब हुआ जब मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शामिल होने वाले तीन जोड़ों के प्रोत्साहन राशि के चेक को रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि लगभग तीन माह पूर्व शहर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 362 जोड़ों का विवाह कराया गया था। विवाह के दौरान हितग्राहियों को गृहस्ती के सामान व चेक भी प्रदान किए गए अब इस मामले में यह बात सामने आई है कि कन्या विवाह के दौरान तीन ऐसे जोड़ों का विवाह करा दिया गया जो पहले से शादी शुदा है और उनके बच्चे भी है।

इस बात का खुलासा शहर से लगे ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीख़ास में हुआ है। इस गांव के तीन दम्पति की मुख्य मंत्री कन्या दान विवाह योजना में शादी करा दी गई। शादी शुदा लोगों में संध्यावती पति अम्बिकेश्वर, करीना पति अर्जुन और पायल और उसका पति शामिल है। इतना ही नहीं संध्यावती और करीना के तो बच्चे भी है लेकिन इसके बाद भी इनके आवेदन को स्वीकार किया गया और शादी करा दी गई जिसके बाद मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की बात सामने आ रही है।




### चेक रोका तो खुद सामने आया परिवार

मुख्यमंत्री कन्या दान विवाह में किस कदर गड़बड़ी की जा रही है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस योजना का लाभ पाने वालों में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के बेटे बहु भी शामिल है। संध्यावती और अम्बिकेश्वर ने बताया कि उनका विवाह कोरोना काल में हुआ था और उनका एक बच्चा भी है। कोरोना के कारण सही तरीके से शादी नहीं होने के कारण उन्होंने खुद ही मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह का फार्म भरा था। फार्म भरने के दौरान गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को इस बात की जानकारी दी गई थी वे शादी शुदा है और उस दौरान उसने ही उन्हें फार्म भरने को कहा और बताया कि कोई परेशानी नहीं होगी। शादी के दौरान उन्हें मंगलसूत्र, कपड़े, जूते, सिंगारदानी मिला लेकिन 35 हजार रूपए का चेक नहीं दिया गया। अब जब वे उनसे चेक भुगतान की मांग की जा रही है तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का कहना है कि वे शादी शुदा है इस लिए चेक नहीं दिया जाएगा। इसी तरह दो अन्य दम्पति का भी चेक रोक दिया गया है जिसके बाद हितग्राही खुद ही सामने आ गए।

### मामला सामने आया तो रोका गया भुगतान

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शादी शुदा लोगों के विवाह का मामला सामने आने के बाद विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। बड़ी बात यह है कि अब मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर एक दूसरे पर इस गलती का दोष मढ़ रहे है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या जिले में सिर्फ यही तीन मामले है या फिर अन्य लोगों की भी दुबारा शादी कराई गई है। मामला सामने आने के बाद अब महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा हितग्राहियों का भुगतान रोक दिया गया है लेकिन इस मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या नहीं यह देखना है।

### चल रही है जांच

मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 362 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ था। इसमें बाद में कुछ शिकायत आई जिसमें जांच चल रही है। लाभार्थी की राशि को रोका गया है। तीन लोगों की राशि रोकने के निर्देश है। विस्तृत प्रतिवेदन आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**-अतुल परिहार**
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग



ग्रामीणों से चर्चा करते सांसद चिंतामणी महाराज।

# कोल ब्लॉक हेतु भूमि अधिग्रहण का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

क्षेत्र के ग्राम पंचायत दतिमा में आबंटित दतिमा कोल ब्लॉक हेतु प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु ग्रामीणों को नोटिस जारी किए जाने से हड़कंप मच गया है। प्रभावित लोगों द्वारा सरगुजा सांसद से मुलाकात कर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत दतिमा सहित राई, कुमदा बस्ती, गांगीकोट को मिलाकर करीब तीन वर्ष पूर्व केंद्र सरकार द्वारा दतिमा कोल ब्लॉक का आबंटन कर दिया गया है। इस कोल आबंटन की जिम्मेदारी श्री सीमेंट कंपनी को दी गई है। कोल आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण होने उपरांत अब भूमि अधिग्रहण की पहल की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर कंपनी द्वारा जबरन लोगों की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में पिछले दिनों कंपनी द्वारा एसडीएम के माध्यम से प्रभावित भू स्वामियों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस मिलने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया है। जिस पर ग्रामीणों ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन मंगलवार को सांसद से मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद मंगलवार की शाम ही सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने खुद प्रभावित ग्राम दतिमा पहुंच लोगों की समस्या से रूबरू हुए। यहां पर प्रभावित ग्राम दतिमा समेत कुमदा बस्ती, खरसुरा, लक्ष्मणपुर, गांगीकोट, राई के ग्रामीणजन दतिमा पंचायत भवन में एकत्र होकर सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज को अपनी समस्या से अवगत कराए। लोगों की समस्या से रूबरू होने उपरांत सांसद ने आश्वस्त किया कि जल्द ही मामले में उच्चाधिकारियों से चर्चा करके समस्या का निराकरण कराने पहल की जाएगी। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल, रामनारायण जायसवाल, रामानंद जायसवाल, पूर्व नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष राजेश यादव, सतीश तिवारी, आनंद पाल जायसवाल, शोभनाथ राजवाड़े, शिवकुमार राजवाड़े, भूषण सारथी, सुखदेव चौधरी व अन्य उपस्थित थे।ग्रामीणों का आरोप है कि कोल ब्लॉक कंपनी के लोगों ने ग्राम पंचायत कुमदा बस्ती में भूमि अधिग्रहण करने की बजाए धोखे से लोगों की भूमि का करीब 22 लाख रुपए में रजिस्ट्री करा लिया है। ग्रामीणों द्वारा मामले की जांच की भी मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी तरह अन्य प्रभावित पंचायत के लोगों को भी कंपनी द्वारा डरा धमकाकर भूमि को लेने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने बताया कि दतिमा कोल ब्लॉक के प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं को खुद गांव में जाकर सुनवाई कर लिया हूं। अचानक दिल्ली आने की वजह से अधिकारियों से चर्चा नहीं हो सकी है। दिल्ली से वापस लौटते ही जल्द लोगों की समस्या के निराकरण कराने प्रयास करूंगा।

# ट्रांसपोर्टर से मारपीट मामले में एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- रायपुर भागते समय पकड़ा, कड़े से किया था हमला

सड़क दुर्घटना के बाद ट्रांसपोर्टर से की गई बर्बरतापूर्वक मारपीट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे युवक को पकड़ा है जबकि मुख्य आरोपी वसीम और मोनू कुरैशी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी ने ट्रांसपोर्टर पर कड़े से वार कर गंभीर रूप से घायल किया था।

बता दें कि शहर के रिंग रोड शिवधारी कालोनी चौक के समीप 28 मार्च को कार व थार वाहन के बीच जोरदार भिडंत हुई थी। तेज रफ्तार थार की टक्कर से कार धूमकर दूसरी दिशा में मुड गई थी जबकि उसके एयरबैग खुल गए थे जिससे कार सवार मोनू कुरैशी बाल बच गया। इस घटना के बाद आक्रोशित मोनू कुरैशी, वसीम कुरैशी, अनुराग राजवाड़े, आयुष दास ने थार चालक सूरजपुर निवासी ट्रांसपोर्टर संजय सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आरोपियों ने जानलेवा हमला करते हुए हाथ, मुक्के, लात, लाठी, कड़े से वार करने के साथ ही उसके सिर को बिजली खम्बे में पटक दिया था। इस मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद क्षत्रिय समाज और हिन्दू संगठनो में भारी आक्रोश का माहौल है और घटना को लेकर प्रदर्शन, एसपी कार्यालय का घेराव तक किया गया। पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5), 109(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी मोनू और वसीम कुरैशी परिवार के साथ फरार है जबकि अन्य आरोपी भी फरार बताए जा रहे है। अब इस मामले में पुलिस द्वारा घटना में शामिल आरोपी शिवधारी कालोनी निवासी 22 वर्षीय अनुराग राजवाड़े उर्फ गोली आ. ऋषि कुमार राजवाड़े को रायपुर भागने के दौरान घेराबंदी कर पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने ट्रांसपोर्टर पर हाथ में पहले कड़े से हमला किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त कड़ा जब्त करने के साथ ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि मुख्य आरोपी समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर उनि रश्मि राज सिंह, साइबर सेल से सउनि अजीत मिश्रा, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, सउनि नवल दुबे, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक सत्येन्द्र दुबे, संजीव चौबे, राहुल सिंह, आनंद गुप्ता, मनीष सिंह, रमेश राजवाड़े सक्रिय रहे।



### मंत्री राजवाड़े ने कुदरगढ़ में श्रद्धालुओं लिए बनवाया स्टाल

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग की कैबिनेट मंत्री द्वारा कुदरगढ़ महोत्सव में श्रद्धालुओ के लिए एक स्टाल बनावाया गया है जिसमे श्रद्धालुओं के लिए पेय जल, शरबत, गुड़ और चने की व्यवस्था की गई है। स्टाल में श्रद्धालुओ के विराम के लिए व्यवस्था की गई है और खास बात यह है कि यह आयोजन कोई शासकीय न होकर भटगांव विधयाक लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा स्वयं के सेवा समर्पण के भाव से किया गया है।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



# रात्रि गश्त में पुलिस ने 84 संदिग्धों की जांच, 20 को लिया हिरासत में

**सूरजपुर।** शहर में पुलिस की प्रभावी रात्रि गश्त का असर नजर आने लगा है। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 84 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच किया। 20 लोगों को संदेह के आधार पर पकड़कर थाना लाई और 14 को कड़ी पूछताछ कर छोड़ा, 3 चोरों से चोरी के मोटर सायकल बरामद की गई, 3 लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई तथा 22 निगरानी, गुण्डा व माफी बदमाशों की चेकिंग कर उन्हें सख्त लहजे में अपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई।

अपराधों की रोकथाम, आमजनों की सुरक्षा, शांती एवं कानून व्यवस्था को पुख्ता रखने, अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हेतु रात्रि गश्त का प्रभावी तौर पर करने के सख्त निर्देश एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों को दिए है। सोमवार की रात्रि सीएसपी एसएस पैंकरा के नेतृत्व में थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने थाना विश्रामपुर, चौकी बसदेई व पुलिस लाईन के 60 से अधिक अधिकारी व जवानों के साथ रात्रि गश्त किया। गश्त के दौरान नगर के मानपुर, महगवां, साहू गली, नावापारा, तिलसिवां, भट्ठापारा, तुरियापारा, जेलपारा सहित कई स्थानों पर दबिश देकर 84 संदिग्धों को चेक किया गया, 20 लोगों को पकड़कर थाना लाया गया, सख्ती से पूछताछ के बाद 14 लोगों को कड़ी चेतावनी के बाद छोड़ा गया, पुष्टिकृत जानकारी न देने पर 3 लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया, 3 चोरों से चोरी की बाइक बरामद किया गया साथ ही रात्रि में 36 घुमते हुए पाए गए लोगों की भी सघन पूछताछ कर जांच की गई। रात्रि गश्त में 22 निगरानी, माफी व गुण्डा बदमाश को चेक करने पर यह सभी अपने घर पर मिले जिन्हें अपराध से दूर रहने की कड़ी हिदायत दी गई। रात्रि गश्त के दौरान स्टेडियम ग्राउंड, विद्यालय परिसर, जिला चिकित्सालय और बस स्टैण्ड, बैंक एवं एटीएम की आकस्मिक जांच की गई। शहर के चौक-चौराहों पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की गई। रात्रि गश्त के दौरान सूचना पर चोरी की बाइक के साथ आरोपी तीरथ मानिकपुरी उर्फ पिन्टू आ. राजेंद्र मानिकपुरी, प्रद्युमन बघेल आ. कृष्ण बघेल व शेखर साहू आ. मुकेश साहू को पकड़ा गया जिसके कब्जे से प्रार्थी आनंद साहू की चोरी की गई बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएल 5333 को बरामद किया।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांतवा पुरस्कार 1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।